वेबसाइट: www.bankofbaroda.in ई-मेल: corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: मुंबई तारीख: 01.12.2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने गिफ्ट सिटी के कॉर्पोरेट्स के लिए भारतीय रुपया में रखी गई जमाराशियों के पेटे विदेशी मुद्रा ऋण की सुविधा की शुरुआत की ।**

*गिफ्ट सिटी में यह सुविधा उपलब्ध कराने वाला पहला बैंक*

*गिफ्ट सिटी में बैंक की आईएफएससी बैंकिंग इकाई के 05 वर्ष पूरे हुए*

**मुंबई, 1 दिसंबर, 2022:** बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक), भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अग्रणी और भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, ने अपनी गिफ्ट सिटी स्थित शाखा में एक नए उत्पाद-**भारतीय कंपनियों की भारतीय रुपया में रखी गई जमाराशियों के पेटे उनकी विदेशी अनुषंगियों/ संयुक्त उद्यमों के लिए विदेशी मुद्रा ऋण की शुरुआत की** घोषणा की है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा, गिफ्ट सिटी में यह सुविधा उपलब्ध कराने वाला पहला बैंक है। गिफ्ट सिटी, गांधीनगर में बैंक की अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) बैंकिंग इकाई ने हाल ही में पाँच वर्ष पूरे किए हैं।

नई ऋण योजना के तहत बैंक ऑफ़ बड़ौदा की गिफ्ट सिटी शाखा भारतीय कंपनियों की विदेशी अनुषंगियों/ संयुक्त उद्यमों को उनकी भारतीय रुपया में रखी गई जमाराशियों का लाभ उठाकर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है, भारतीय कंपनियों को उनके अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों के लिए उनकी नकदी प्रवाह आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करती है और बैंक को अपने ऋण उत्पादों की पेशकश संबंधी दायरे को बढ़ाने में सक्षम बनाती है। बैंक पहले से ही एनआरई/एफसीएनआर जमाराशियों के पेटे ऋण और आईबीयू में रखी जमाराशियों के पेटे ऋण प्रदान करता है।

24 नवंबर, 2017 को स्थापित भारत में नव विकसित अपतटीय बैंकिंग जिला और उभरते वैश्विक सेवा केंद्र गिफ्ट सिटी में अपने बैंकिंग परिचालन सेवाओं की शुरुआत करने की दृष्टि से बैंक ऑफ़ बड़ौदा अग्रणी बैंक रहा है।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के महाप्रबंधक, श्री अनुज भार्गव ने कहा कि**, "बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपनी गिफ्ट सिटी शाखा को अंतर्राष्ट्रीय कारोबार के लिए नीतिपरक दृष्टि से महत्वपूर्ण व्यवसाय इकाई के रूप में मानता है। 17 देशों में अपनी उपस्थिति के साथ हमें भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक होने पर गर्व है, हम अपने ग्राहकों की विदेशी बैंकिंग

संबंधी जरूरतों को पूरा करते हैं। 'भारतीय रुपया में जमाराशियों के पेटे विदेशी मुद्रा ऋण'भारतीय कंपनियों को उनके अंतर्राष्ट्रीय कारोबार के लिए निधि जुटाने की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराता है। बैंक, विगत पांच वर्षों में गिफ्ट सिटी में तीव्र गति से हुए विकास का साक्षी रहा है और भविष्य में प्रमुख योजनाओं को विस्तारित करने की दिशा में कार्यरत है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा की आईएफएससी बैंकिंग इकाई अपने रिटेल और कॉर्पोरेट ग्राहकों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए तीन प्रमुख विदेशी मुद्राओं यानी यूएस डॉलर, यूरो और ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग में लेनदेन-आधारित इंटरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने वाला पहला और एकमात्र बैंक है।

बैंक की आईएफएससी बैंकिंग इकाई ग्राहकों को स्थानीय स्तर पर वैश्विक समाधान, व्यक्तियों और कंपनियों के लिए विदेशी मुद्रा खाते; विदेशी मुद्रा में सावधि जमा; बाहरी वाणिज्यिक उधार ऋण; व्यापार वित्त सुविधाएं; विदेशी मुद्रा में ऋण/ सिंडिकेशन ऋण; भारतीय कंपनियों की विदेशी अनुषंगियों /संयुक्त उद्यमों के लिए भारतीय रुपया में जमाराशियों के पेटे विदेशी मुद्रा ऋण; लेन-देन आधारित इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराती है।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:**

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है. 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है. बैंक पांच महाद्वीपों में 18 देशों में फैले 46,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है. अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है. हाल ही में शुरू किया गया बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है. यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है. बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है. बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है.

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com

वेबसाइटः www.bankofbaroda.in ईमेल: corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place:** Mumbai तारीख/**Date**: 01.12.2022

**प्रेसविज्ञप्ति /Press Release**

# Bank of Baroda launches Foreign Currency Loan against INR Deposits for Corporates from GIFT City

*First bank to offer this facility in GIFT City*

*The Bank's IFSC Banking Unit in GIFT City Completes 5 Years*

**Mumbai, December 1, 2022**: Bank of Baroda (Bank), one of India's leading public sector banks and India's international bank, announced the launch of a new product at its branch in GIFT City – **Foreign Currency Loan against INR Deposits of Indian Companies for their Overseas Subsidiaries/ Joint Ventures**. Bank of Baroda is the first bank to offer this facility at GIFT City. The Bank's International Financial Services Centre (IFSC) Banking Unit in GIFT City in Gandhinagar has recently completed five years.

Under the new loan scheme, Bank of Baroda's GIFT City branch provides financial support to Overseas Subsidiaries/Joint Ventures of Indian corporates by leveraging their INR deposits, helping Indian companies meet their cash flow requirements for their international operations and enabling the Bank to increase the bouquet of loan products offered. The Bank already offers Loan against NRE/FCNR Deposits and Loan against Deposits at the IBU.

Established on 24th November, 2017, Bank of Baroda was amongst the early entrants to set up operations in GIFT City, the newly developed offshore banking district in India and an emerging global services hub.

**Shri Anuj Bhargava, General Manager, Bank of Baroda** said, "Bank of Baroda recognizes its GIFT City branch as a strategically important business unit for international business. With operations in 17 countries, we are proud to be India's International Bank, fulfilling the overseas banking requirements of our customers. 'Foreign Currency Loan against INR Deposits' provides Indian companies with an alternative facility to raise funds for their international businesses. The Bank has witnessed rapid growth at GIFT City over the last five years and also has some major expansion plans in the pipeline."

Bank of Baroda's IFSC Banking Unit is also the first and only bank to provide transaction-based Internet Banking facility in three major foreign currencies i.e. US Dollar, Euro and British Pound Sterling to cater to the needs of its retail and corporate customers.

The Bank's IFSC Banking Unit provides customers with a range of global solutions, locally: Foreign Currency Accounts for Individuals and Companies; Fixed Deposit in Foreign Currency; External Commercial Borrowing Loans; Trade Finance Facilities; Loans in Foreign Currency/ Syndication Loans; Foreign Currency Loans against INR Deposit of Indian Companies for their Overseas Subsidiaries/ JVs; Transaction-based Internet Banking facility.

**About Bank of Baroda**
Founded on 20th July 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of over 150 million through over 46,000 touchpoints spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The recently launched bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For media queries, please contact:**
Bank of Baroda contact: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations - Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com